भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं.*42

03.12.202 को उत्तर देने के लिए

सेवा क्षेत्र के लिए डेटासेट

*42. श्री सुदामा प्रसादः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उद्योग क्षेत्र के विपरीत सेवा क्षेत्र के लिए डेटासेट उपलब्ध न होने के कारणों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार डेटासेट की उपलब्धता के लिए ऐसे कोई उपाय शुरू करने का है और यदि हां, तो इस संबंध में की गई पहल का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसएसएसई) के लिए किए गए सर्वेक्षण के 74वें दौर की रिपोर्ट के अंतर्गत रखे गए प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और सेवा क्षेत्र के संबंध में नियमित आंकड़े क्या हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा सर्वेक्षण कराया गया है और यदि हां, तो सेवा क्षेत्र के आंकड़ों की उपलब्धता का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके लिए सर्वेक्षण न कराए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) यह सर्वेक्षण कराने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है और क्या निष्कर्षों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

श्री सुदामा प्रसाद द्वारा सेवा क्षेत्र के लिए डेटासेट के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.12.2025 को उत्तर देने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *42 के भाग(क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ङ): राष्ट्रीय खाता वर्तमान और स्थिर दोनों कीमतों पर सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसके योगदान के माध्यम से सेवा क्षेत्र के विस्तृत अनुमान प्रदान करते हैं। डेटा को आगे व्यापार, परिवहन, वित्त, रियल एस्टेट, लोक प्रशासन और सामाजिक सेवाओं आदि जैसे प्रमुख उप-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

अनिगमित सेवा क्षेत्र से संबंधित सर्वेक्षण-आधारित डाटासेट अनिगमित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के माध्यम से पहले से ही उपलब्ध है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय वर्ष 2021-22 से प्रतिवर्ष एएसयूएसई का संचालन कर रहा है, जो अन्य क्षेत्रों के साथ, देश के अनिगमित क्षेत्र से संबंधित सेवा क्षेत्र को कवर करता है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने अनिगमित सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के नाम से दो चरणों (मई 2024 से अगस्त 2024 तक चरण-I और नवंबर 2024 से जनवरी 2025 तक चरण-II) में अनिगमित सेवा क्षेत्र पर एक पायलट अध्ययन भी किया, जिसमें प्रतिदर्श फ्रेम के रूप में जीएसटीएन डेटाबेस का उपयोग किया गया। सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) पर पायलट अध्ययन की तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

अनिगमित सेवा क्षेत्र के लिए पूर्ण सर्वेक्षण आयोजित करने हेतु सर्वेक्षण प्रश्नावली, उद्यम सर्वेक्षणों के लिए तकनीकी सलाहकार समूह (टीएजी) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की संचालन समिति के मार्गदर्शन में तैयार की गई है।

74वें दौर के अनुभव का उद्देश्य सेवा क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसएसएस) के लिए अधिक सुसंगत फ्रेम के विकास के बारे में सूचना प्रदान करना था। तथापि, यह पाया गया कि सर्वेक्षण पद्धति में कुछ समस्याएं थीं, जिनके कारण सार्थक परिणाम नहीं मिला पा रहे थे, इसलिए केवल तकनीकी रिपोर्ट ही प्रस्तुत की गई।

*****